AUDYOGIC KARAMCHARI CO-OP. GROUP HOUSING SOCIETY LTD.
Karishma Apartment, Plot No. 27, I.P. Extn. Patparganj, Delhi-110092
Phone Nos. : 011 35102372/45595474 Email ID: akcghs0@gmail.com

Date: 20/11/2024

पिछले कुछ दिनों से कुछ कॉमन प्रॉब्लम आ रही हैं जिसकी शिकायत ऑफिस में की जा रहीं हैं।

1: कुछ निवासी अपने घर से टूटे हुए गमले व अन्य बेकार सामान या तो नीचे रख रहे हैं या फिर किसी कॉमन जगह पर रख जाते हैं उनसे अनुरोध है कि वह उसको सोसाइटी के अंदर रखने के बजाय बाहर फेंकवा दिया करें और इनके पड़ोसियों से भी अनुरोध है कि अगर वह किसी रेसिडेंट्स को ऐसा करते देखें तो उनको विनमता पूर्वक मना करें।

2: ग्राउंड फ्लोर से कुछ रेसिडेंट्स की शिकायत आयी है कि ऊपर वाले फ्लोर से कुछ लोग सफाई करने के बाद गन्दा पोछा बालकनी में टांग देते हैं जिससे उसका गन्दा पानी नीचे गिरता रहता है तो आप अपनी काम करने वालों को इंस्ट्रक्शन दे दें कि उसे निचोड़ कर ही रखें ताकि गन्दा पानी नीचे किसी पर भी ना गिरे। तथा जिनकी बालकनी में गमले आदि रखे हैं पानी जरुरत के हिसाब से दें क्योंकि पानी नीचे दूसरों की बालकनी व आने जाने वालों के ऊपर गिरता है।

3: जिन रेसिडेंट्स ने भी अपने घर में पेट्स पाल रखे हैं या उनको खाना देते हैं उनसे अनुरोध है कि यह सुनिश्चित करें कि उनके पेट्स की वजह से उनके पड़ोसियों और अन्य निवासियों को कोई भी असुविधा न हो।

4: सीढ़ी पर आलमारी, जूते, कुर्सी, box, table या अन्य कोई गंदा टूटा फूटा सामान न रखें। पोछा और पोछे की बाल्टी भी कोई घर से बाहर सीढ़ी पर न रखें। सीढ़ियां कॉमन स्पेस होती है और इस पर किसी भी प्रकार का सामान रखना अशोभनीय है जिससे वरिष्ठ नागरिकों को आने जाने में असुविधा होती है। सीढ़ी किसी अकेले फ्लैट की नहीं है। अपने पड़ोसी का ध्यान रखते हुए कृपया शांति पूर्वक सफाई रखें और अतिक्रमण न करे। इसे साफ और सुंदर रखना सभी रेजिडेंट्स का कर्तव्य है।

यह हम सबका परिसर है इसे साफ़ रखने में आप सबका सहयोग आवश्यक है।

धन्यवाद्